दिन– रविवार

दिनांक– 30/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। कहा– भारत का खाद्यान्न उत्पादन तीन सौ सत्तावन मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा।

02. अठारहवीं बिहार विधानसभा का प्रथम सत्र कल से शुरू। पहल दिन प्रोटेम स्पीकर नवनिर्वाचित विधायकों को दिलायेंगे शपथ।

03. राज्य सरकार ने कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का किया तबादला। मिहिर कुमार सिंह को राज्य के विकास आयुक्त की मिली जिम्मेदारी।

04. और, रांची में भारत और दक्षिण अफ्रिका के बीच जारी है वन डे मुकाबला। विराट कोहली के शतक की बदौलत भारत ने रखा तीन सौ पचास रन का लक्ष्य।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के कई घटनाक्रम भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एमआरओ सुविधा का उद्‌घाटन हो या आईएनएस माहे का भारतीय नौसेना में शामिल होना या फिर देश में स्काईरूट के इनफिनिटी परिसर की शुरूआत, ये सभी इसी बात के प्रमाण हैं।

–––बाइट–––

कुछ दिन पहले ही मैंने हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एम आर ओ फेसिलिटी का उद्‌घाटन किया है। एयरक्राफ्ट की मेंटेनेंस, रिपेअर एंड ओवरहॉल के सेक्टर में भारत ने ये बहुत बड़ा कदम उठाया है। पिछले ही हफ्ते मुंबई में एक स्पेस ईकोसिस्टम को स्काईरूट के इनफिनिटी कैम्पस ने नई उड़ान दी है। ये भारत की नई सोच, इनोवेशन और यूथ पावर का प्रतिबिंब बना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पैंतीस करोड सात लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, जो कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि भारत का अनाज उत्पादन पिछले दस वर्ष में दस करोड़ टन बढ़ा है।

–––बाइट–––

कृषि क्षेत्र में भी देश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। भारत ने 357 मिलियन टन के खाद्यान्न उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। 300 एंड 57 मिलियन टन, 10 साल पहले की तुलना में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन और बढ़ गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नवम्बर का महीना देश के लिए कई प्रेरणाएं लेकर आया है।

———बाइट———

26 नवंबर को 'संविधान दिवस' पर सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई। 25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ। इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये देश और देशवासियों की उपलब्धियां हैं।

———बाइट———

खेलों की दुनिया में भी भारत का परचम लहराया है। कुछ दिन पहले ही भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। ये उपलब्धियाँ देश की, देशवासियों की है और 'मन की बात' देश के लोगों की ऐसी उपलब्धियों को, लोगों के सामूहिक प्रयासों को जनदृसामान्य के सामने लाने का एक बेहतरीन मंच है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नौसेना तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है।

———बाइट———

आई एन एस 'माहे' को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। कुछ लोगों के बीच इसके स्वदेशी डिजाइन को लेकर खूब चर्चा रही। वहीं, पुडुचेरी और मालाबार कोस्ट के लोग इसके नाम से ही खुश हो गए। दरअसल, इसका 'माहे' नाम उस स्थान माहे के नाम पर रखा गया है, जिसकी एक समृद्ध ऐतिहासिक विरासत रही है। इस युद्धपोत का क्रेस्ट उरुमी और कलारिपयट्टू की पारंपरिक लचीली तलवार की तरह दिखाई पड़ता है। हमारी नौसेना बहुत ही तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही है।

श्री मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया।

———बाइट———

आने वाले कुछ दिन में क्रिसमस और नए वर्ष पर खरीदारी का नया दौर शुरू होने वाला है। मैं आपको फिर याद दिलाउँगा, वोकल फोर लोकल का मंत्र याद रखें, खरीदे वही जो देश में बना हो, बेचें वही जिसमें किसी देशवासी की मेहनत लगी हो।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शहद उत्पादन के क्षेत्र में भारतीय किसानों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में देश नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

———बाइट———

आज भारत हनी प्रोडक्शन में नए रिकार्ड बना रहा है। 11 साल पहले देश में हनी का उत्पादन 76 हजार मीट्रिक टन था। अब ये बढ़कर डेढ़ लाख मीट्रिक टन से भी ज्यादा हो गया है। बीते कुछ वर्षों में शहद का एक्सपोर्ट भी तीन गुना से ज्यादा बढ़ गया है। हनी मिशन कार्यक्रम के तहत खादी ग्रामोद्योग ने भी सवा 2 लाख से ज्यादा बीदृबॉक्सिस लोगों में बांटे हैं। इससे हजारों लोगों को रोजगार के नए अवसर मिले हैं। शहद की मिठास भी बढ़ रही है और ये मिठास किसानों की आय भी बढ़ा रही है।

———————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रेरणा का स्रोत बताया है। पटना में कार्यक्रम सुनने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से पूरे देश को एक साथ देखने और समझने का मौका मिलता है।

———बाइट———

———————————————————————————

संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो रहा है। इससे पहले आज केन्द्र सरकार ने नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आज हुई बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ ब्रायन समेत विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री श्री रिजिजू ने बताया कि सरकार ने सदन में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से दोनों सदनों के सुगम कामकाज में सहयोग की अपील की है।

———बाइट———

मैं सरकार की तरफ से आश्वासन देता हूं के विंटर सेशन ऑफ द पार्लियामेंट अच्छी तरह से चलाने के लिए हम इस तरीके से विपक्ष के साथ बातचीत करते रहेंगे। साथदृसाथ में विपक्ष पार्टी नेताओं से भी अनुरोध करूंगा कि पार्लियामेंट को अच्छी तरह से चलाने में सहयोग करें। संसद का शीतकालीन सत्र 19 दिसम्बर तक चलेगा।

---

अठारहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रोटेम स्पीकर नरेन्द्र नारायण यादव सदन की सदस्यता की शपथ दिलायेंगे। दो दिसम्बर को विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन होगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां तीन दिसम्बर को विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करेंगे। चार दिसम्बर को राज्यपाल के अभिभाषण चर्चा और सरकार का उत्तर देगी। पांच दिसम्बर को दोनों सदनों में द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किये जायेंगे। इसके बाद विनियोग विधेयक पेश किया जायेगा। पांच दिवसीय सत्र के दौरान विधानसभा भवन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के विशेष प्रबंध किये गये हैं। पटना सदर के अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार ने विधानसभा के आस–पास किसी तरह के प्रदर्शन, जुलूस और नारेबाजी पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

---

अठारहवीं बिहार विधानसभा की कार्यवाही में तकनीक की अहम भूमिका होगी। इस सत्र से सदन को पूरी तरह पेपरलेस बनाया गया है। विधायकों को टैबलेट उपलब्ध कराये गए हैं। इसके माध्यम से वे सदन की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी ले सकेंगे। विधायक प्रश्न और पूरक प्रश्न भी टैब के जरिए पूछ सकते है। विधानसभा अध्यक्ष भी टैबलेट के माध्यम से ही सदन की कार्यवाही का संचालन करेंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि वे विपक्ष से यह उम्मीद करते है कि विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष जिम्मेदारी से काम लेगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राजद समेत महागठबंधन दल नाकारत्मकता छोड़े और सदन में सरकार को सार्थक सलाह दें।

–––बाइट–––

---

राजद के वरिष्ठ नेता और महागठबंधन विधायक दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कुमार सर्वजीत को विधानसभा में विरोधी दल का मुख्य सचेतक नियुक्त किया है। कुमार सर्वजीत बोधगया सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक है। मुख्य सचेतक विधानसभा में दल के अनुशासन, सदस्यों की उपस्थिति, रणनीति और कार्यप्रणाली को संभालने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण पदाधिकारी होता है।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा की प्रदेश इकाई और सभी प्रकोष्ठ को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा की अध्यक्षता में आज हुई कोर कमिटी की बैठक में यह फैसला किया गया। पार्टी की जिला इकाई को भी भंग कर दिया गया है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही नई प्रदेश इकाई समेत अन्य प्रकोष्ठो का गठन किया जायेगा।

---

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। इसके अनुसार सीके अनिल को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया है। दीपक कुमार सिंह को सामान्य प्रशासन विभाग का महानिदेशक सह मुख्य जांच आयुक्त बनाया गया है। मिहिर कुमार सिंह को राज्य का विकास आयुक्त बनाया गया है। कुंदन कुमार को उद्योग विभाग के सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, बी कार्तिकेय धनजी को उद्योग विभाग के सचिव पद की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है।

---

प्रदेश के अधिकांश भागों के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि दो दिनों के बाद पश्चिमी हवा का प्रभाव बढ़ने से विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज किए जाने की संभावना है। वहीं, विभिन्न स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा भी छाया रहेगा।

———बाइट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं मौसम विभाग ने तुफान दित्वा के राज्य में प्रभाव को लेकर किसी प्रकार की चेतावनी जारी नही की है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सोनपुर के विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री कुमार मेला क्षेत्र में लगे विभिन्न सरकारी और गैर–सरकारी स्टॉल पर भी गए और उत्पादों से सम्बंधित जानकारियां ली। इस दौरान ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

भारत और दक्षिण अफ्रिका के बीच तीन वन डे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज रांची में खेला जा रहा है। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली के शानदार शतक की बदौलत पचास ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर तीन सौ उनचास रन बनाया। विराट काहली ने अपने वन डे करियर का बावनवां शतक लगाया है। तीन सौ पचास रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रिका की शुरूआत खराब रही और शुरूआती तीन विकेट जल्दी–जल्दी गिर गए। ताजा जानकारी के अनुसार दक्षिण अफ्रिका ने तेइसवां ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर एक सौ सैंतीस रन बना लिया है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के तारापुर पुलिस ने इंडियन ओवरसीज बैंक के एक कर्मी को ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

खगड़िया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कुतुपुपर गांव में एक शादी समारोह मे हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से दुल्हे की मौत हो गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

---

मधुबनी जिले का स्थापना दिवस कल मनाया जायेगा। इस अवसर पर मशहुर गायक जसलीन मथारू अपनी प्रस्तुति देंगी। जिला प्रशासन ने लोगों से समारोह में शामिल होने की अपील की है।

---

मधेपुरा जिले के कुमारखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखासन में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया।

---

समस्तीपुर जिले के सिंघिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भरहर चौक के पास हाई टेंशन तार की चपेट में आ जाने से एक ट्रक चालक की मौत हो गई।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। कहा– भारत का खाद्यान्न उत्पादन तीन सौ सत्तावन मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा।
02. अठारहवीं बिहार विधानसभा का प्रथम सत्र कल से शुरू। पहल दिन प्रोटेम स्पीकर नवनिर्वाचित विधायकों को दिलायेंगे शपथ।
03. राज्य सरकार ने कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का किया तबादला। मिहिर कुमार सिंह को राज्य के विकास आयुक्त की मिली जिम्मेदारी।
04. और, रांची में भारत और दक्षिण अफ्रिका के बीच जारी है वन डे मुकाबला। विराट कोहली के बावनवें शतक की बदौलत भारत ने रखा तीन सौ पचास रन का लक्ष्य।

---